बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

22 फरवरी, 2021

[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन].

Total Short Notice Question- 5

तालाबों का अतिक्रमण

*1 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **भवन निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के कुम्हरार सदर प्रखंड कार्यालय का निर्माण, पटना में एन. एम. सी. एच. का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन का निर्माण तथा पटना के राजेन्द्र नगर में बिहार के सबसे बड़े साइंस सिटी का निर्माण भवन निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त उल्लेखित भवनों का निर्माण कार्य तालाबों का अतिक्रमण कर क्रमशः ढाई एकड़, दो एकड़ तथा तीन एकड़ के तालाबों को भर कर विभाग द्वारा कराया जा रहा है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि जल जीवन हरियाली की बात करने वाली सरकार के द्वारा तालाबों का अतिक्रमण क्यों किया गया तथा सरकार तालाबों को अतिक्रमणमुक्त कराने हेतु कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं हो क्यों ?

आवास निर्माण शीघ्र

***2** **मो. फारूक (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण विकास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत डुमरी कटसरी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी का आवास नहीं रहने के कारण उन्हें रहने में काफी कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार डुमरी कटसरी प्रखंड प्रांगण में प्रखंड विकास पदाधिकारी का आवास निर्माण शीघ्र कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

मत्स्य सेवा केंद्र

***3** **श्री रण विजय कुमार सिंह (विधान सभा):**

Will the **पशु एवं मत्स्य संसाधन** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए राज्य के सभी जिलों में युवाओं को प्रशिक्षित करने हेतु मत्स्य सेवा केन्द्र खोलने का प्रावधान है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में मत्स्य सेवा केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक ?

राईस मिल तथा गोदाम का निर्माण

***4** **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार):**

Will the **ग्रामीण विकास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के लोकही प्रखंड अंतर्गत झहुरी पंचायत में राईस मिल तथा गोदाम के निर्माण की विभागीय स्वीकृति वर्ष अगस्त, 2013 को ही मिल चुकी है ;

(ख) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा गोदाम निर्माण के लिए 53 लाख 50 हजार और राईस मिल सह गैसी फायर के लिए 32 लाख रुपए सहित कुल 85 लाख 50 हजार रुपए

की स्वीकृत मिली थी ;

(ग) क्या यह सही है कि समयावधि में निर्माण कार्य भी शुरू हुआ लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण आज तक राईस मिल तथा गोदाम निर्माणाधीन रहने के कारण इस पर किया गया खर्च अब तक नाकारा साबित हो रहा है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मधुबनी जिला के लोकही प्रखण्उ अंतर्गत झहुरी पंचायत में राईस मिल तथा गोदाम का निर्माण कराना चाहती है ?

पथ का निर्माण

*5 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिले के सुरसंड प्रखंड के सुरसंड-वीरपुर मलाही-देवनाथ पट्टी-मझौरा-महुआईन-बाजपट्टी पथ काफी जर्जर है, जिस कारण इससे गुजरने वाले लोगों/ गाडि़यों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त पथ में ही राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज भी है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इस पथ का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कब तक ?